# DELHI PUBLIC SCHOOL, DURGAPUR

## QUESTION BANK & REVISION SHEET FOR PA-II(2018-19)

## SUBJECT- HINDI (2L)

## CLASS-VI

**PA-II Syllabus –**

साहित्य– बात सुनो रे भाई, नेहरू जी का बेटी इंदु के नाम पत्र , माँ कह एक कहानी, मन के साहसी, छोटा जादूगर, झाँसी की रानी

सदाबहार कहानियाँ– सहस्त्र मुद्राओं की थैली , बात अठन्नी की , झोंपड़ी और महल

व्याकरण–विलोम शब्द (1-25), स्वर संधि, उपसर्ग- प्रत्यय, पर्यायवाची शब्द (1-15) , वाक्य-परिवर्तन , अनेकार्थक शब्द (1-10) , कारक, मुहावरे (1-23) , लोकोक्तियाँ (1-10), अपठित बोध ( गद्यांश एवं पद्यांश)

रचनात्मक लेखन- अनुच्छेद लेखन, अनौपचारिक पत्र लेखन, चित्र वर्णन, संवाद लेखन, विज्ञापन लेखन

---

साहित्य

### बात सुनो रे भाई

कवयित्री- डा. मधु पंत

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –

क) आज़ादी का पहला संग्राम कब आरम्भ हुआ था ?

ख)गांधीजी ने किन हथियारों के बल पर देश को स्वतंत्रता दिलाई ?

ग)सन् 1857 के विद्रोह का बिगुल किसने बजाया था ?

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए-

क) रावण के अट्टहास का अर्थ क्या है ?

ख) भारत माता को किसने जकड़ रखा था और वह क्यों कराह रही थी ?

ग) 'बात सुनो रे भाई' कविता में किन-किन देशभक्तों की चर्चा की गई है ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द)–

क) रूठ गया था भाग्य विधाता ।

ख) बिना लहू की बूँद बहाए किसने लड़ी लड़ाई ।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखिए –

क) भारत को स्वतंत्र कराने में स्वतंत्रता सेनानियों ने किस प्रकार योगदान दिया ? 'बात सुनो रे भाई' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

---

### नेहरू जी का बेटी इंदु के नाम पत्र

लेखक- पं. जवाहर लाल नेहरू

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –

क) नेहरू जी के पत्र किस पुस्तक में संकलित हैं ?

ख) किसी भी भाषा की पुस्तक को पढ़ने के लिए सबसे पहले क्या सीखना पड़ता है ?

ग) मनुष्यों से पहले पृथ्वी पर क्या था ?

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए-

क) नेहरू जी ने प्रकृति के अक्षर किन्हें कहा है और क्यों ?

ख) बड़ी चट्टान का खुरदरा और नोंकीला पत्थर गोल और चमकीला कैसे बन जाता है ?

ग) संसार रूपी पुस्तक को पढ़ने से नेहरू जी का क्या अभिप्राय है ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द)–

क) एक छोटा-सा रोड़ा जिसे तुम सड़क पर या पहाड़ के नीचे पड़ा हुआ देखती हो, शायद संसार की पुस्तक का छोटा-सा पृष्ठ हो , शायद उससे तुम्हें कुछ नई बात मालूम हो जाए ।

ख) अगर तुम्हें इस दुनिया का कुछ हाल जानने का शौक है तो तुम्हें सब देशों का और उन सब जातियों का जो इसमें बसी हुई हैं ध्यान रखना पड़ेगा , केवल उस एक छोटे-से देश का नहीं जिसमें तुम पैदा हुई हो ।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखिए –

क) आपके विचार से दुनिया कैसे शुरू हुई होगी ?

---

## माँ, कह एक कहानी

कवि- पं. मैथिलीशरण गुप्त

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –

क) माँ , कह एक कहानी में कौन किसे कहानी सुना रहा है ?

ख) राहुल के पिता का विवाद किसके साथ हुआ था ?

ग) बुद्ध की पत्नी यशोधरा ने 'मानधन' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया है ?

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए-

क) हंस का शिकार करने वाला व्यक्ति कौन था और वह घायल पक्षी पर अपना अधिकार क्यों मानता था ?

ख) दोनों राजा के दरबार में क्यों गए और वहाँ पक्षी के पक्ष में क्या निर्णय सुनाया गया ?

ग) आहत हंस को देखकर सिद्धार्थ ने क्या किया ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द)–

क) लक्ष्य सिद्धि का मानी ?
कोमल कठिन कहानी !

ख) हुई पक्ष की हानी ?
करुणा भरी कहानी !

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखिए –

क) आपके अनुसार हंस पर किसका अधिकार होना चाहिए – रक्षक का या भक्षक का ? स्पष्ट कीजिए ।

---

## मन के साहसी

लेखिका- डा. मधु पंत

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –

क) बचपन में सरिता किस हादसे का शिकार हुई ?

ख) राष्ट्रीय बाल शिविर में सरिता को किन दो चुनौतियों का सामना करना पड़ा ?

ग) सरिता के जीवन का सबसे स्मरणीय पल कौन-सा था ?

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए-

क) दुर्घटना के बाद सरिता की क्या दशा हो गई ?

ख) लोगों का व्यवहार देखकर सरिता क्यों दुखी हो जाती थी ?

ग) बालश्री पुरस्कार प्राप्त करने के बाद सरिता के व्यक्तित्व में क्या परिवर्तन आया ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द)–

क) साहस वह विलक्षण गुण है जो मनुष्य को चुनौतियों का सामना करने की शक्ति देता है और संघर्षों से जूझने की

क्षमता प्रदान करता है।

ख) और अब वह छुईमुई वाली अंतर्मुखी सरिता से कल-कल कल्लोल करने वाली बहिर्मुखी सरिता बन चुकी है ।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखिए –

क) क्या सकारात्मक सोच जीवन में आगे बढ़ने में सहायक है ? 'मन के साहसी' पाठ के आधार परस्पष्ट कीजिए ।

---

## छोटा जादूगर

लेखक- जयशंकर प्रसाद

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –

क) छोटा जादूगर के पिता जेल में क्यों थे ?

ख) छोटा जादूगर अपनी जीविका किस प्रकार कमाता था ?

ग) लेखक की पत्नी द्वारा दिए गए रुपए का छोटे जादूगर ने क्या किया ?

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए-

क) कार्निवाल के मैदान में लेखक छोटे जादूगर की किस बात से प्रभावित हुआ ?

ख) 'माँ बीमार है और तब भी तुम खेल दिखाने चले आए' – लेखक के ऐसा कहने पर छोटे जादूगर ने उसे तिरस्कार भरी दृष्टि से क्यों देखा ?

ग) पाठ के आधार पर छोटे जादूगर के चरित्र की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द)–

क) बालक को आवश्यकता ने कितना शीघ्र चतुर बना दिया । यही तो संसार है ।

ख) लड़के की वाचालता से ही अभिनय हो रहा था ।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखिए –

क) छोटा जादूगर आम बच्चों से भिन्न था कैसे ? विषम परिस्थिति में भी वह विचलित क्यों नहीं हुआ ? यदि आप छोटे जादूगर के स्थान पर होते तो क्या करते ?

---

## झाँसी की रानी

कवयित्री- सुभद्रा कुमारी चौहान

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –

क) लक्ष्मीबाई के बचपन के मित्र कौन थे ?

ख) महाराष्ट्र की कुल देवी किसे कहा गया है ?

ग) लक्ष्माबाई का विवाह किसके साथ हुआ था ?

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए-

क) झाँसी के राजा की मृत्यु पर डलहौजी क्यों प्रसन्न हुआ ?

ख) लक्ष्मीबाई के जीवन से आपको क्या शिक्षा मिलती है ?

ग) 'हुई वीरता की वैभव के साथ सगाई झाँसी में' – इस पंक्ति में वीरता और वैभव से कवयित्री का क्या तात्पर्य है ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द)–

क) लक्ष्मी थी या दुर्गा थी वह स्वयं वीरता की अवतार ।
देख मराठे पुलकित होते उसकी तलवारों की धार ।

ख) लावारिस का वारिस बनकर ब्रिटिश राज्य झाँसी आया ।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखिए –

क) यदि मन में चाह है तो किसी भी कठिनाई का सामना किया जा सकता है ।'झाँसी की रानी' पाठ के आधार पर स्पष्ट

कीजिए ।

-------------------------------------------------------------------

## सहस्त्र मुद्राओं की थैली

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 70-80 शब्दों मे लिखिए –

क) बड़े भाई ने सोच-समझकर क्या निर्णय लिया ? इस निर्णय से छोटे भाई के मन में क्या विचार उठे ?

ख) छोटे भाई ने मुद्राओं की थैली कैसे खो दी ? बड़े भाई को मुद्राओं की थैली किस प्रकार प्राप्त हुई ?

ग) बड़े भाई ने कैसे जाना कि उनके पिता ने किसी को सहस्त्र स्वर्ण मुद्राएँ दी थीं ?दोनों भाइयों ने मुद्राएँ प्राप्त करने के लिए क्या प्रयास किया ?

## बात अठन्नी की

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 70-80 शब्दों मे लिखिए –

क) रसीला कौन था ? वेतन न बढ़ने पर भी रसीला नौकरी क्यों नहीं छोड़ता था ?

ख) लाला जगत सिंह की बात सुनकर रसीला ने क्या सोचा ? रसीला का झूठ कैसे पकड़ा गया ?

ग) शेख साहब न्यायप्रिय आदमी थे – इस उक्ति पर अपने विचार व्यक्त करें । रमज़ान ने दुनिया को अँधेर नगरी क्यों कहा ?

## झोंपड़ी और महल

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 70-80 शब्दों मे लिखिए –

क) बूढ़ा व्यक्ति इतना थका हुआ क्यों था ? बूढ़े ने धनी आदमी से क्या प्रार्थना की ?

ख) धनी व्यक्ति ने बूढ़े को अपने यहाँ क्यों नहीं ठहरने दिया ? बूढ़े के परिवार ने अतिथि की सेवा कैसे की ?

ग) धनी व्यक्ति के हृदय में क्या परिवर्तन हुआ ? इस कहानी का संदेश अपने शब्दों में लिखिए ।

व्याकरण ----

रचनात्मक लेखन---

क. अनुच्छेद लेखन ( शब्द सीमा – 80 -100)–

1. पेड़ों का महत्व , 2. व्यायाम की उपयोगिता, 3. छात्र एवं अनुशासन , 4. विज्ञान वरदान या अभिशाप, 5. मूल्यवृद्धि की समस्या ।

2. अनौपचारिक पत्र लेखन( शब्द सीमा -- 70)–

क) समय का महत्व बताते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए ।

ख) आप किसी मनोरम स्थान पर भ्रमण हेतु गए हैं । वहाँ के दृश्य का वर्णन करते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए ।

ग) आपके मित्र ने वक्तृता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है । उसे बधाई देते हुए एक पत्र लिखिए ।

घ) मोबाइल फोन की हानियाँ बताते हुए अपनी छोटी बहन को एक पत्र लिखिए ।

ङ) आपके चाचाजी ने आपके जन्मदिन पर एक घड़ी उपहार दिया है। उस उपहार के लिए धन्यवाद देते हुए उन्हें एक पत्र लिखिए।

3. संवाद लेखन ( शब्द सीमा -- 50)—

क) फुटबॉल वर्ल्ड कप के बारे में दो मित्रों की बातचीत को संवाद रूप में लिखिए।

ख) वार्षिक परीक्षा की तैयारी को लेकर दो मित्रों की बातचीत को संवाद रूप में लिखिए।

ग) अपने इलाके में बढ़ती गंदगी से परेशान दो महिलाओं की बातचीत को संवाद रूप में लिखिए।

घ)जीवन में परोपकार के महत्व पर एक पिता और पुत्र के बीच बातचीत को संवाद रूप में लिखिए।

ङ) हिंदी की उपयोगिता के संबंध में एक शिक्षक और छात्र की बातचीत को संवाद रूप में लिखिए।

4. विज्ञापन लेखन (शब्द सीमा - 25)

क) कलम से संबंधित एक विज्ञापन।

ख) मोबाइल का नया शो रूम खुला है। ग्राहकों को आकर्षित करते हुए एक विज्ञापन।

ग) बच्चों की साइकिल पर एक विज्ञापन।

घ) केशों को लंबा , घना बनाने वाले केश तेल पर एक विज्ञापन।

ङ) अंबिका अगरबत्ती पर एक विज्ञापन।

5. चित्र वर्णन (शब्द सीमा - 25)

-------------------0------------------